कार्यालय चुनाव अधिकारी

चुनाव प्रबन्धक समिति गुरूद्वारा श्री नानकमता साहिब

गुरूद्वारा श्री नानकमता साहिब जिला ऊधम सिंह नगर

## अधिसूचना

क्रमांक – 02/Elections / GSNMS / 2016 Dated 28th September ,2016

माननीय उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड द्वारा रिट पिटीशन (M/S) No. 7064 सन् 2001 हरदेव सिंह व अन्य बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य में निर्देशित किया है कि गुरूद्वारा श्री नानकमता साहिब की प्रबन्ध समिति के चुनाव छः माह के भीतर करवाये जाने हैं। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निम्न हस्ताक्षरित को इस चुनाव का चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि चुनाव अधिकारी इस सम्बन्ध में वार्ड/हल्कों के सीमांकन/पुर्नव्यवस्था हेतु उचित कदम उठायेंगे।

यह भी निर्देशित किया गया है कि पंजीकृत स्मृति–पत्र दिनांकित 16–11–1987 को चुनाव में दिशा–निर्देश का आधार माना जायेगा।

यह कि उपरोक्त स्मृति–पत्र में 26 वार्ड/हल्का बनाये गये थे। इन 26 वार्ड/हल्कों की सूची निम्नलिखित है –

1– जसपुर, बन्नाखेड़ा (पश्चिमी हल्द्वानी की ओर), रामपुर रोड

2– बाजपुर , खास , शिवपुरी ( हल्द्वानी रामपुर रोड से उत्तर की ओर),

3– हल्द्वानी शहर , कालाढूंगी , लामाचौर ( हल्द्वानी शहर से पश्चिमी ओर),

4– नैनीताल , चोरगलिया , गोलापार

5–पुलिस स्टेशन गदरपुर जिला नैनीताल

6– पुलिस स्टेशन रुद्रपुर जिला नैनीताल

7–. बिलासपुर खास रामपुर रुद्रपुर रोड से पश्चिम की ओर माटखेडा सहित , रामपुर

8–बिलासपुर उत्तरी रुद्रपुरं रामपुर रोड , रामपुर ।

9–तहसील किच्छा जिला नैनीताल

10– बहेडी ,शीशगड जिला बरेली ।

11–बरेली शहर

12–सितारगंज ,खटीमा किच्छा रोड से दक्षिण की ओर जिला नैनीताल

13–. सितारगंज ,खटीमा किच्छा रोड से उत्तर की ओर जिला नैनीताल

14–अमरिया पुलिस स्टेशन जिला पीलीभीत

15–गुरुद्वारा छेंवी पातशाही , प्रतापपुर व नानकमता गांव (रायसिखों के लिये आरक्षित )

16–तहसील खटीमा (हलका न0 15 को छोडकर ) ,नैनीताल

17–पुलिस स्टेशन न्यूरिया मझोला सहित जिला पीलभीत

18–पीलीभीत खास

19–तहसील पूरनपुर आसाम रोड से उत्तर की ओर जिला पीलीभीत

20– तहसील पूरनपुर आसाम रोड से दक्षिण की ओर जिला पीलीभीत

21– शाहजहांपुर , निगोही , पुवायां , बंडा जिला शाहजहांपुर

22– तहसील लखीमपुरखीरी , तहसील मोहम्मदी व पलिया

23– निघासन , तिकोनिया , खजूरिया , संपूर्णानगर जिला लखीमपुरखीरी

24– बरेली लाईन पार बरेली ।

25–रामपुर खास , स्वार , टांडा (रामपुर)

26– तहसील मिलक (रामपुर)

उपरोक्त वार्ड/हल्कों की पुर्नव्यवस्था अथवा पुर्नविचार हेतु विभिन्न हितैषियों द्वारा अनेकों सभायें की गई। एक सभा दिनांक 24–09–2016 को नैनीताल में की गई तथा एक अन्य सभा दिनांक 25–09–2016 को गुरूद्वारा श्री नानकमता साहिब की प्रबन्ध समिति के मीटिंग हाल (सभागार) मे सम्पन्न हुई। दिनांक 25–09–2016 को सम्पादित सभा की सूचना गुरूद्वारा श्री नानकमता साहिब की प्रबन्ध समिति के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की गई तथा मीडिया को भी सूचित किया गया। मीटिंग का प्रचार सोशल मीडिया पर भी किया गया। तदनुसार उपरोक्त सभा में भारी संख्या में लोगों द्वारा हिस्सा लिया गया। उपरोक्त दोनों सभाओं में वार्ड/हल्कों के पुर्नविचार पर लम्बी चर्चा हुई, ज्यादातर लोगों की सामान्य मत था कि दिये गये स्मृति–पत्र दिनांकित 16–11–1987 में वर्णित 26 वार्ड/हल्कों में से किसी भी वार्ड/हल्का को न हटाया जाय।

यद्यपि यह विचार विमर्श हुआ कि कुछ क्षेत्र जैसे काशीपुर, रामनगर, अफजलगढ़ जिला बिजनौर, लालकुआँ तथा पन्तनगर जोकि स्मृति–पत्र दिनांकित 16–11–1987 में वर्णित 26 वार्ड/हल्कों की सूची मे सम्मिलित नहीं हैं को भी सम्मिलित किया जाय।

यह भी सुझाव दिया गया कि सूची में वर्णित वार्ड/हल्कों का सत्यापन किया जाय क्योंकि सन् 1987 से अब तक हालात में अन्तर आ चुका है तथा इन वार्ड/हल्कों के सत्यापन से चुनाव प्रक्रिया आसान हो जायेगी।

राय सिख समुदाय का एक प्रतिनिधि मण्डल अधोहस्ताक्षरित से मिला तथा अनुरोध किया कि नानकमता साहिब में एक वार्ड की बजाय दो वार्ड होने चाहिए। उनका अनुरोध था कि एक वार्ड राय सिख समुदाय के लिए सुरक्षित होना चाहिए तथा दूसरा अनारक्षित वर्ग के लिए। उन्होंने आग्रह किया कि इस क्षेत्र में सिख संगत की आबादी अधिक होने के कारण तथा गुरूद्वारा नानकमता साहिब की प्रबन्ध समिति में राय सिख समुदाय का सही प्रतिनिधित्व करने हेतु नानकमता साहिब में दो वार्ड होने चाहिए।

उत्तराखण्ड राज्य में 2011 की जनगणना के अनुसार सिख समुदाय की जनसख्या 2.34 प्रतिशत है। अगर हम 2011 की जनगणना के अनुसार जिलेवार सिख समुदाय की जनसंख्या का अवलोकन करें तो सर्वाधिक जनसंख्या 9.87 प्रतिशत जिला ऊधम सिंह नगर की है उसके बाद देहरादून की 2.15 प्रतिशत, फिर नैनीताल की 1.82 प्रतिशत।

जिला ऊधम सिंह नगर में तहसील बाजपुर में सिख समुदाय की जनसख्या सर्वाधिक 6.85 प्रतिशत है उसके पश्चात सितारगंज की 4.87 प्रतिशत, किच्छा की 4.52 प्रतिशत, रूद्रपुर की 3.17 प्रतिशत, काशीपुर 1.87 प्रतिशत इत्यादि।

नानकमता तहसील सितारगंज में स्थित है तथा सन् 1987 के स्मृति–पत्र के अनुसार सितारगंज की दो सीटें तथा नानक्मता की एक सीट है। प्रभावी रूप से सितारगंज की एक तहसील में तीन वार्ड हैं। सितारगंज की दोनों सीटें अनारक्षित है।

मेरी राय में सन् 2011 की सिख समुदाय की जनगणना के अनुसार तहसील सितारगंज में पर्याप्त प्रतिनिधित्व है । इसके अलावा सितारगंज तहसील में और वार्ड/हल्का की संख्या बढ़ाने से परेशानी बढ़ने का अंदेशा है तथा चुनाव प्रक्रिया बाधित हो सकती है। चयनित कमेटी को यह अधिकार होगा कि वो वार्ड/हल्का की संख्या विभाजित करने के पहलू को देख सकती है। तथा चयनित कमेटी एक तहसील के अन्तर्गत और नये वार्ड बनाने के बारे में अथवा एक वार्ड को दो या दो से अधिक वार्डों में विभाजित करने के बारे में सोच सकती है।

मेरे विचार से माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार चुनाव प्रक्रिया छः माह के अन्दर पूर्ण होनी है, इसलिए स्मृति–पत्र सन् 1987 में वर्णित वार्ड की संख्या को बरकरार रखना चाहिए और कुछ और वार्ड सम्मिलित करने चाहिए।

साथ में पहले से ही उपलब्ध वार्ड जो स्मृति–पत्र सन् 1987 में वर्णित हैं, उनकी व्याख्या तथा स्पष्ट करना चाहिए जिससे कि उसकी क्षेत्रीय सीमा के बारे में कोई सन्देह न रह जाय।

तदनुसार गुरूद्वारा नानकमता साहिब की प्रबन्ध समिति के चुनाव हेतु निम्नलिखित वार्डो की घोषणा की जाती है।

1– तहसील जसपुर,व अफजलगड जिला बिजनौर

2– तहसील बाजपुर बन्नाखेड़ा व शिवपुरी सहित

3– तहसील हल्द्वानी(चोरगलिया गोलापार को छोडकर) ,तहसील कालाढूगी व लामाचौर सहित

4– तहसील नैनीताल , चोरगलिया , गोलापार, तहसील लालकुआं व पंतनगर।

5. तहसील काशीपुर व तहसील रामनगर

6– तहसील गदरपुर दिनेशपुर सहित

7–रुद्रपुर पूर्ण नगरपालिकाक्षेत्र व पुलिस स्टेशन रुद्रपुर के सीमार्न्तगत आने वाला समस्त क्षेत्र

8–. बिलासपुर खास रामपुर रुद्रपुर रोड से पश्चिम की ओर माटखेडा सहित , जिला रामपुर

9–बिलासपुर उत्तरी रामपुर रोड ,

10– रुद्रपुर नगर पालिका व पुलिस स्टेशन रुद्रपुर के सीमार्न्तगत आने वाले क्षेत्र को छोडकर **तहसील किच्छा का समस्त क्षेत्र**

11– बहेडी ,शीशगड जिला बरेली ।

12–बरेली शहर

13–सितारगंज ,खटीमा किच्छा रोड से दक्षिण की ओर

14–सितारगंज ,खटीमा किच्छा रोड से उत्तर की ओर

15–अमरिया पुलिस स्टेशन जिला पीलीभीत

16– पुलिस स्टेशन नानकमता का तहसील सितारगंज व तहसील खटीमा के अर्न्तगत आने वाला सारा क्षेत्र, दोनों गुरुद्वारा छेंवी पातशाही , प्रतापपुर व नानकमता गांव (रायसिखों के लिये आरक्षित )

17–तहसील खटीमा (हलका न0 16 व पुलिस स्टेशन नानकमता में निहित क्षेत्र को छोडकर )

18–पुलिस स्टेशन न्यूरिया ,मझोला सहित जिला पीलीभीत

19–.पीलीभीत शहर

20–तहसील पूरनपुर ,आसाम रोड से उत्तर की ओर जिला पीलीभीत

21– तहसील पूरनपुर, आसाम रोड से दक्षिण की ओर जिला पीलीभीत

22– शाहजहांपुर , निगोही , पुवायां , बंडा ( शाहजहांपुर)

23– तहसील लखीमपुरखीरी , तहसील मोहम्मदी व पलिया

24– निघासन , तिकोनिया , खजूरिया , संपूर्णानगर ( लखीमपुरखीरी)

25– बरेली लाईन पार बरेली ।

26–रामपुर खास , स्वार , टांडा (रामपुर)

27– तहसील मिलक (रामपुर)

Sd/-

कंवर अमनिन्दर सिंह,

चुनाव अधिकारी ।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही को प्रेषित

1– जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर ।

2– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर ।

3– जनपद ऊधम सिंह नगर , नैनीताल , बरेली , रामपुर , पीलीभीत , बिजनौर , शाहजहांपुर , लखीमपुर खीरी में स्थित श्री सिंह सभा गुरुद्वारे व अन्य प्रमुख गुरुद्वारे। हलको की जानकारी का सभी सिंह सभाओं व उनके क्षेत्रान्तर्गत आने वाले गुरुद्वारों में परिचालन।

4.गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब के नोटिस बोर्ड व नानकमता के अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री नानकमता साहिब के चुनाव के लिए जारी चुनाव हलकों/ वार्डों का प्रकाशन

5–नानकमता व सितारगंज के अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री नानकमता साहिब के चुनाव के लिए जारी हलकों/ वार्डों का प्रकाशन

6– जनपद उधम सिंह नगर , नैनीताल , बरेली , रामपुर , पीलीभीत , बिजनौर , शाहजहांपुर , लखीमपुर खीरी के सभी जिला मुख्यालयों व तहसीलों के नोटिस बोर्ड पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री नानकमता साहिब के चुनाव के लिए जारी हलकों/ वार्डों का प्रकाशन

7– दिनांक 30.09.2016 को अमावस पर्व पर लगने वाले धार्मिक दीवान के दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री नानकमता साहिब के चुनाव के लिए जारी हलकों/ वार्डों की उदधोषणा।

चुनाव अधिकारी